भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2973

गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)

जैड-मोड सुरंग परियोजना

2973. डॉ॰ फारूख अब्दुल्लाः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या जम्मू और कश्मीर में जैड-मोड सुरंग परियोजना की कार्य-गति काफी धीमी है और इसे गति प्रदान करने की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सुरंग संबंधी कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) इस कार्य को पूरा करने हेतु तय समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) एवं (ख) जी हॉ। जेड-मोर सुरंग परियोजना 5 वर्ष की निर्माण अवधि सहित 20 वर्षों की रियायत अवधि के लिए बीओटी (एन्यूटि) आधार पर अधिनिर्णीत की गयी थी। परंतु, आईएल एंड एफएस समूह की कंपनियों के वित्तीय संकट के कारण रियायतग्राही ने दिनांक 20.07.2018 से सभी कार्य बंद कर दिए। एनएचआईडीसीएल इस रियायत करार के पूर्व समापन की प्रक्रिया में है। इस परियोजना के लिए दिनांक 24.06.2019 को पुन: निविदा की गयी है। बोली की अंतिम तिथि 01.08.2019 है।

(ग) इस परियोजना के लिए निर्माण अवधि निर्धारित तिथि से 42 माह होगी।

****